सं० 12015/7/2008 -रा०भा० (त०क०)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
तकनीकी कक्ष
-o-

लोकनायक भवन, द्वितीय तल,
खान मार्किट, नई दिल्ली-110 511
दिनांकः 12 मार्च, 2008

कार्यालय ज्ञापन

विषयः केन्द्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों एवं उनके अधीनस्थ तथा सम्बद्ध कार्यालयों में कंप्यूटर पर हिंदी में एकरूपता से कार्य करने के संबंध में ।

राजभाषा अधिनियम, 1963 तथा उसके अंतर्गत जारी किए गए राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 के उपबन्धों का पालन कराने के लिए यह आवश्यक है कि केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में प्रयोग में लाए जाने वाले कंप्यूटर प्रणालियां तथा इलैक्ट्रानिक उपकरणों आदि में रोमन अल्फाबेट के साथ देवनागरी लिपि मे काम करने की सुविधा भी उपलब्ध हो एवं प्रयोगकर्ताओं को कंप्यूटर पर हिंदी कार्य संबंधी आवश्यक जानकारी हो ।

2. प्रायः देखा गया है कि विभिन्न मंत्रालयों/विभागों आदि में कंप्यूटरों में हिंदी में कार्य करने में कुछ समस्याएं आ रही हैं, जिनमें मुख्य है हिंदी कार्य के लिए प्रयोग किए जा रहे ट्रू टाइप फोन्टस का विभिन्न कंप्यूटरों/साफ्टवेयरों में प्रयोग किए जा रहे अन्य ट्रू टाइप फोन्टस के साथ मेल योग्य (compatible) न होना । इस समस्या के कारण हम हिंदी में तैयार की गई फाइलों को अंग्रेजी में तैयार की गई फाइलों की तरह आसानी से एक कंप्यूटर से दूसरे कंप्यूटर पर अन्य उपलब्ध फोन्टस का प्रयोग करते हुए स्थानान्तरण नहीं कर पाते हैं । इसी तरह टाइप किये हुए हिंदी टेक्स्ट को दूसरे साफ्टवेयर में पेस्ट करके प्रयोग करने में भी समस्या आती है । इन समस्याओं का समाधान करने हेतु भारत सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा फोन्टस के लिए यूनीकोड इनकोडिंग को मान्यता दी गई है । नेटवर्क (LAN) सुरक्षा के मद्देनजर विंडोज-95, विंडोज-98 आपरेटिंग सिस्टम आधारित कंप्यूटर प्रयोग से हटाए जा चुके हैं/ हटाए जा रहे हैं । अब कार्यालयों में प्रयोग किए जाने वाले कंप्यूटर विंडोज-2000 आपरेटिंग सिस्टम या बाद के वर्जन हैं, जो यूनिकोड इनकोडिंग में कार्य करने में पूर्ण सक्षम है । अतः कंप्यूटरों पर हिंदी का कार्य किसी भी यूनिकोड समर्थित फोंटस में किया जा सकता है । यद्यपि INSCRIPT की-बोर्ड को मानक के रूप में मान्यता दे दी गई है, फिर भी प्रयोगकर्ता अपनी सुविधानुसार अन्य की-बोर्ड के जरिए टाइपिंग कर सकते हैं । INSCRIPT की-बोर्ड प्रयोग करते हुए रेमिंगटन तथा फोनेटिक शैली में टाइप करने को सुलभ बनाने के लिए निःशुल्क साफ्टवेयर उपलब्ध है । उल्लेखनीय है कि सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा तैयार की गई हिंदी साफ्टवेयर टूल्स सी.डी. (जो कि संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा अनुरोध पर निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है) में यूनिकोड समर्थित 160 फोंटस उपलब्ध कराए गए हैं । सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की वेबसाइट (www.ildc.in/hindi/hdownloadhindi.htm) पर उपरोक्त फोन्टस एवं हिंदी में कार्य करने के लिए और उपयोगी साफ्टवेयर भी उपलब्ध हैं, जो निःशुल्क डाउनलोड करके प्रयोग में लाए जा सकते हैं । निःशुल्क हिंदी साफ्टवेयर सी.डी. प्राप्त करने के लिए अनुरोध भी ऑनलाइन इस वेब पृष्ठ का प्रयोग करके किया जा सकता है ।

3. अब तक ट्रू टाइप फोन्टस में तैयार पुरानी फाइलों में उपलब्ध सामग्री को यूनिकोड फोंटस में परिवर्तित करके प्रयोग करने के लिए 'परिवर्तन 2.0' नाम का साफ्टवेयर भी उपरोक्त वेबसाइट/सी.डी पर उपलब्ध कराया गया है ।

4. विंडो 2000, विंडो एक्सपी एवं विंडो विस्ता आदि आपरेटिंग सिस्टम (O.S) में अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी में काम करने की द्विभाषी सुविधा पहले ही उपलब्ध कराई होती है । इन सिस्टमों को द्विभाषी रूप में प्रयोग करने के लिए किसी अतिरिक्त साफ्टवेयर की आवश्यकता नहीं है केवल इस सुविधा को संलग्नक-1 पर दी गई विधि अनुसार एनेबल किये जाने की आवश्यकता है ।

5. सभी मंत्रालयों/विभागों आदि से अनुरोध है कि भारत सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त यूनिकोड समर्थित फोन्टस में कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करें ताकि हिंदी कार्यों संबंधी फाइलों को विभिन्न कंप्यूटरों पर विभिन्न साफ्टवेयरों के साथ आसानी से हस्तान्तरित/प्रयोग किया जा सके। मंत्रालय/विभाग हिंदी प्रयोग के लिए कोई भी साफ्टवेयर प्राप्त करते/खरीदते समय यह भी सुनिश्चित करें कि साफ्टवेयर यूनीकोड इनकोडिंग समर्थित हो । मंत्रालय/विभाग अपने सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों को भी यूनीकोड इनकोडिंग को अपनाने की सलाह दे सकते हैं ।

भवदीय,

पि वि वत्सला जी कुट्टी

(पी.वी.वल्सला जी. कुट्टी)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार

सेवा में,

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/सम्बद्ध, अधीनस्थ कार्यालय ।

कंप्यूटर पर हिंदी भाषा संसाधन के लिए युनिकोड का प्रयोग

केवल कृष्ण

तकनीकी निदेशक, राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र

kewal.krishan@nic.in

भारत सरकार द्वारा अनुमोदित भारतीय भाषाओं में कंप्यूटिंग के लिए ISCII कोडिंग प्रणाली का प्रयोग किया जा रहा था, लेकिन विश्वीकरण के इस युग में विविध प्रकार के प्लेटफ़ॉर्म, फ़ॉन्ट और सिस्टम के बावजूद आवश्यकता एक ऐसे मानक कोडिंग प्रणाली की है, जिसके अंतर्गत विश्व की सभी भाषाएँ सह-अस्तित्व की भावना के साथ रह सकें. इन समस्याओं का एकमात्र समाधान है, युनिकोड ।

हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार में युनिकोड की सुविधा क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती है । आज विश्व की सभी लिखित भाषाओं के लिए युनिकोड नामक विश्वव्यापी कोड का उपयोग, माइक्रोसॉफ़्ट, आई.बी.एम.,लाइनेक्स, ओरेकल जैसी विश्व की लगभग सभी कंप्यूटर कंपनियों द्वारा किया जा रहा है । यह कोडिंग सिस्टम फ़ॉन्ट्समुक्त , प्लेटफ़ॉर्ममुक्त और ब्राउज़रमुक्त है. विंडोज़ 2000 या उससे ऊपर के सभी पी सी युनिकोड को सपोर्ट करते हैं । इसकी सहायता से निर्मित वेबसाइट में खोज आदि अधुनातन सुविधाएँ भी सहजता से ही उपलब्ध हो सकती हैं।

विंडोज 2000 तथा एक्स पी सिस्टम में यूनिकोड निम्नलिखित प्रकार से Enable किया जा सकता है -

विंडोज 2000 के लिए

- कंट्रोल पैनल पर जाएँ और रीजिनल ऑप्शन्स पर क्लिक करें
- जनरल टैब पर क्लिक करें और सिस्टम विन्डो के लिए भाषा सैटिंग्स से इन्डिक पर जाँचे
- यह विन 2000 सीडी के लिए पूछेगा। संस्थापन(इन्सटालेशन) हो जाएगा। (सिस्टम) कम्यूटर को पुनः बूट करें
- अब पुनःरीजिनल ऑप्शन्स पर जाएँ और इनपुट लोकेल्स टैब पर क्लिक करें
- वे भाषाएँ जोडे जिसमें आप टाइप करना चाह्ते हैं
- सिस्टम ट्रे में एक छोटा ईएन पर बायाँ क्लिक करें और टाइप के लिए भाषा का चयन करें

विंडोज एक्स्पी के लिए

- कंट्रोल पैनल पर जाएँ और फिर रीजिनल एंड लैंग्वेज आप्शन्स पर क्लिक करें
- लैंग्वेजिस टैब पर क्लिक करें और उस डब्बे को चैक(टिक) करें जो इन्सटाल फाइल्स फार काम्पलैल्स सिक्रप्ट को बताता है
- यह विधि विन एक्सपी सीडी के लिए पूछेगी। सीडी ड्राइव में सी डी रखें और संस्थापन (इन्सटालेशन) आरंभ होने दीजिए
- एक बार संस्थापन(इन्सटालेशन)पूरा हो जाए फ़िर यदि आवश्यकता हो तो सिस्टम को बूट करें और पुनः चरण 2 पर जाएँ
- अब डीटेल्स टैब पर क्लिक करें । अपनी पसंद की भाषा को जोडने के लिए एड पर क्लिक करें
- सिस्टम ट्रे में एक छोटा ईएन दिखाई देगा। ईएन पर बायाँ क्लिक करें और टाइप के लिए भाषा का चयन करें ।

Following are the solutions for displaying Indian languages correctly

a. You should first enable/install the Indic (Windows Files for Indian Language Display).

b. Below are the supported Operating Systems that allows you to display Indian Language Text:

Languages	**Operating System**
Gujarati	Windows XP and above
Hindi	Windows 2000 and above
Kannada	Windows XP and above
Malayalam	Should be Windows XP with Service Pack 2 (**Essential**)
Punjabi	Windows XP and above
Telugu	Windows XP and above
Tamil	Windows 2000 and above

Enable Indic for Windows XP & above

1. Go to Start-> Control Panel>Regional & Language Options->Languages Tab-> (Tick the Install files for complex scripts...) and click OK.

2. Click OK (Figure Below).

3. You will require the Windows XP CD to enable Indic.
Again Go to Control Panel >> Regional and Language Option >> Click on Language Tab
Click on Details and Click on Add for Selection of the language of your choice
From System tray Click on EN and for typing select language

Enable Indic for Windows 2000

1. Go to Start->Settings->Control Panel->Regional Options ->Languages->Indic (tick the Indic) and click OK.



2. Click OK (Figure Below).

3. You will require the Windows 2000 CD to enable Indic.
Again go to Regional Options and Click on Input Locales
Add those languages on which you want to type.
From System tray Click on EN and for typing select language

<u>विंडोज विस्टा के लिए</u>

- कंट्रोल पैनल पर जाएँ और फिर रीजिनल एंड लैंग्वेज आप्शन्स पर क्लिक करें, Country = India चुनें ।
- की-बोर्ड तथा लैंग्वेजिस टैब पर क्लिक करें और हिंदी की-बोर्ड को चुनें ।
- सिस्टम ट्रे में एक छोटा ईएन दिखाई देगा। ईएन पर बायाँ क्लिक करें या ALT+SHIFT कुंजी दबाएं और टाइप के लिए भाषा का चयन करें ।

यूनिकोड Enable करने से आपकी मशीन में INSCRIPT की-बोर्ड ड्राइवर तथा यूनिकोड समर्थित Mangal तथा Arial Unicode MS फोंट आ जाएंगे ।

अन्य की-बोर्ड ड्राइवर जैसे - Typewriter/Remington, Phonetic/Roman, प्लेटफ़ॉर्ममुक्त और ब्राउज़रमुक्त ओपन टाइप फोंटस, फोंटस कनवर्टर (हिंदी में तैयार डॉक्यूमेंट एक फोंटस से दूसरे फोंटस तथा यूनिकोड समर्थित मंगल फोंटस में बदलने के लिए), इंस्क्रिप्ट टाइपिंग सीखने के लिए की-बोर्ड ट्यूटर, भारतीय ओपन ऑफिस का हिंदी भाषा संस्करण तथा अन्य सॉफ्टवेयर निशुल्क डाउनलोड करने के लिए www.ildc.in साइट पर जाएं ।

- भाषा का चयन करें ।
- डाउनलोड पर क्लिक करें ।

डाउनलोड	
टूल के बारे में जानकारी के लिए टूल के नाम पर क्लिक करें।	
ट्रू टाइप फॉन्ट ड्राइवर सहित	डाउनलोड
ट्रू टाइप फॉन्ट के लिए बहुफॉन्ट की-बोर्ड इंजन	डाउनलोड
यूनिकोड समर्थित ओपन टाइप फॉन्ट	डाउनलोड
यूनिकोड समर्थित की-बोर्ड ड्राइवर्स	डाउनलोड
सार्वत्रिक हिन्दी फॉन्ट कोड एवं भंडारण कोड परिवर्तक	डाउनलोड
भारतीय ओपन ऑफिस का हिन्दी भाषा संस्करण	डाउनलोड
फायर- फॉक्स ब्राउजर	डाउनलोड
मल्टी प्रोटोकॉल मैसेंजर	डाउनलोड
कोलम्बा - हिन्दी में ई-मेल क्लायंट	डाउनलोड
हिन्दी ओ सी आर	डाउनलोड
हिन्दी एवं अंग्रेजी के लिए आसान टंकण प्रशिक्षक	डाउनलोड
एकीकृत शब्द-संसाधक	डाउनलोड
अंग्रेजी-हिन्दी शब्दकोश	डाउनलोड
वर्तनी संशोधक	डाउनलोड
ट्रांसलिटरेशन उपकरण	डाउनलोड
लेख से वाणी सिस्टम	डाउनलोड
अंग्रेजी-हिन्दी अनुवाद सहाय सिस्टम	ऑन लाइन
हिन्दी पाठ कॉर्पोरा	डाउनलोड

- साफ्टवेयर पैकेज जो आप डाउन लोड करना चाहते हें उसपर क्लिक करें ।
- Zip फ़ाइल डाउन लोड हो जायेगी।
- उसे Unzip करके सम्बंधित साफ्टवेयर की Exe फ़ाइल Run करें ।

Option – 3 Open Type Fonts

Option – 4 Keyboard Drivers

Option – 5 Fonts Convertor